(i) Need to construct a bridge over the railway crossing on National Highway No.8 between Balsad and Khergaon in Gujarat.

श्री किसनभाई वी. पटेल(बलसाड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वलसाड में राष्ट्रीय राजमाग संख्या 8 पर खेरगाँव और वलसाड शहर की क्रॉसिंग की तरफ आकषित करना चाहता हूं ।

महोदय, खेरगांव से वलसाड जाने के लिए वलसाड शहर की ओर खेरगांव की तरफ के लाखों नागरिकों को रोज इधर से उधर आना-जाना पड़ता है । राष्ट्रीय राजमाग संख्या 8 जो कि अहमदाबाद और मुम्बई को जोड़ती है, को पार करना पड़ता है । इस मार्ग पर इतना अधिक यातायात है कि इसको पार करने में कभी-कभी घण्टों लग जात हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र वलसाड की जनता बार-बार विभिन्न स्तरों पर इस क्रॉसिंग पर राष्ट्रीय राजमाग पर एक पुल बनाने की मांग कर चुकी है किन्त वह अभी तक पूरी नहीं हुई है ।

* Treated as laid on the Table.

महोदय, इस राजमाग पर वगलधरा-जारगांव क्रॉसिंग जिस पर कि यातायात भी तुलनात्मक रूप से कम है, सरकार ने पुल निर्माण कर रखा है । खेरगांव-वलसाड क्रॉसिंग पर पुल के अभाव में यातायात इतना अव्यवस्थित हो जाता है कि यहां पर दुर्घटना होना सामान्य सी बात हो गई है । इन दुर्घटनाओ में यहां के नागरिक शिकार होते हैं और इस अव्यवस्था के दौरान हजारों-लाखों वाहन न केवल करोड़ों रुपय का ईंधन व्यर्थ करते हैं बल्कि यहां के नागरिक अम य समय भी व्यर्थ करने के लिए मजबर हो जात हैं ।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि राष्ट्रीय राजमाग संख्या 8 पर बिना किसी विलम्ब के वलसाड शहर और खेरगांव को जोड़न वाली क्रॉसिंग पर एक पुल का निर्माण कराया जाए।